DATE :- 17-07-2026
DAINIK BHASKAR, PAGE-02, SURAT

**मेट्रो प्रोजेक्ट • बाढ़ से ब्रेक के बाद फिर काम शुरू**

# क्षेत्रपाल मंदिर के पास 30 मीटर लंबा गर्डर लॉन्चिंग की तैयारी शुरू



**सूरत** | 7 जुलाई की बाढ़ ने मेट्रो प्रोजेक्ट पर भी ब्रेक लगा दिया था। अब हालात सामान्य होने के बाद मेट्रो रेल प्रशासन ने रुके निर्माण कार्यों को दोबारा शुरू कर दिया है। अब चौक बाजार से कादरशाह की नाल के बीच स्थित क्षेत्रपाल मंदिर मेट्रो स्टेशन के निकट एलिवेटेड रैंप पर 30 मीटर लंबे गर्डर को लॉन्च करने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। मेट्रो अधिकारियों के अनुसार निर्माण कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया जाएगा, ताकि लोगों को कोई परेशानी न हो।